## पीजीटी अभ्यर्थियों का धरना जारी आज कैंडल मार्च

**रांची।** पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) परीक्षा के शेष सात विषयों में नियुक्ति की मांग करते हुए विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थियों का धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को भी राजभवन के पास जारी रहा। फरवरी 2023 में 11 विषयों के लिए पीजीटी नियुक्ति परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी हुआ था। अगस्त-सितंबर में परीक्षा के बाद सिर्फ चार विषयों में नियुक्ति पत्र इस वर्ष दिया गया। धरने पर बैठे अभ्यर्थियों ने कहा कि शेष 7 विषयों हिंदी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत, वाणिज्य, अर्थशास्त्र और इतिहास में नियुक्ति भी की जाए। अभ्यर्थियों ने कहा कि मांग पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। अभ्यर्थी शनिवार को शाम 6:30 धरनास्थल से कैंडल मार्च निकालेंगे।

### जेवर लूट मामला : घटनास्थल पर पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता

# अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के पंडरा इलाके में गुरुवार को दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में 70 लाख की लूट की घटना की सूचना के बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पंडरा पहुंचे और पीड़ित ज्वेलरी कारोबारी से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

**अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश :** गुरुवार की दोपहर तीन अपराधियों ने पंचवटी ज्वेलर्स में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। लूट की घटना के दूसरे दिन झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ज्वेलर्स का हालचाल जानने घटनास्थल पर पहुंचे।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए रांची पुलिस के सभी वरीय अधिकारी लगातार प्रयास कर रहे हैं। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि अन्य अपराधियों में कानून का डर पैदा हो। मुख्यमंत्री ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर कई सख्त निर्देश भी जारी किए हैं, जिनका अनुपालन किया जा रहा है।



**आठ मिनट में लूट लिए 70 लाख :** रांची के पंडरा स्थित पंचवटी ज्वेलर्स में गुरुवार की दोपहर तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े 70 लाख रुपये के जेवरात लूट लिए। लूट के बाद तीनों बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। मामले को लेकर ज्वेलरी व्यवसायी दीपक साहू ने पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है। ज्वेलरी दीपक साहू ने बताया कि गुरुवार की दोपहर उनकी मां और एक कर्मचारी ज्वेलरी शॉप में बैठे थे, तभी तीन युवक पहुंचे और उनकी मां से सोने का कंगन दिखाने को कहा। एक-दो कंगन देखने के बाद अपराधियों ने अचानक हथियार निकाल लिया और बुजुर्ग महिला को अपने कब्जे में ले लिया और महज 8 मिनट में 70 लाख रुपये के जेवरात लूटकर फरार हो गए। लूट की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उसके आधार पर पुलिस अपराधियों की तलाश कर रही है।

## ई-टिकट कालाबाजारी करनेवाला दुकानदार गिरफ्तार



**रांची।** रांची आरपीएफ के क्राइम विंग ने रेलवे ई-टिकटों की कालाबाजारी करनेवाले एक युवक को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित रातू रोड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 19600 रुपये के 14 ई टिकट बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी शशिकुमार यादव सिद्धांत इंटरप्राइजेज नामक दुकान में अवैध टिकट का कारोबार कर रहा था। गुप्त सूचना पर ऑपरेशन उपलब्ध के तहत आरपीएफ इंस्पेक्टर दिग्विजय शर्मा के पर्यवेक्षण में आरपीएफ की अपराध शाखा ने सुखदेव नगर पुलिस की सहायता से रातू रोड स्थित सिद्धांत इंटरप्राइजेज में छापामारी कर दुकानदार शशिकुमार यादव के पास से 19600 मूल्य के चौदह ई-टिकट बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया।

# रांची पुलिस अब रात में भी करेगी चौकसी कंट्रोल रूम में तैनात किये गये डीएसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अब रांची पुलिस दिन में अपराधियों पर नजर रखने के बाद रात में भी नजर रखेगी। राजधानी रांची में लेट नाइट होने वाले अपराध की घटनाओं पर ब्रेक लगाने के लिए अब शहर में पदस्थापित डीएसपी नाइट शिफ्ट में ड्यूटी के लिये बांट दिया गया है। पुलिस कंट्रोल रूम में एक सप्ताह के लिए एक डीएसपी की नाइट शिफ्ट लगाया गया है। रोटेशन वाइज सभी की ड्यूटी बदलती रहेगी।

**रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक की शिफ्ट :** राजधानी में अपराध की वारदातों पर ब्रेक लगाने के लिए पहली बार डीएसपी स्तर के अधिकारियों से नाइट शिफ्ट करवाया जा रहा है। डीएसपी स्तर के अधिकारियों को नाइट शिफ्ट के दौरान रांची के कचहरी स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगें।

रात 11 बजे से लेकर सुबह 6 बजे सुबह तक डीएसपी कंट्रोल रूम में नाइट शिफ्ट कर रहे हैं। रांची में पदस्थापित प्रतेयक डीएसपी को एक सप्ताह तक नाइट ड्यूटी करनी है, इस दौरान उन्हें कंट्रोल रूम से पूरे शहर पर नजर रखना है। कौन डीएसपी पुलिस कंट्रोल रूम में कब नाइट शिफ्ट करेगा इसके लिए बाकायदा रोस्टर बनाया गया है।

### हर सूचना पर करना है रिएक्ट

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया यह देखा जा रहा था कि रात के समय सूचना मिलने के बावजूद पुलिस का रिस्पांस टाइम बेहतर नहीं हो पा रहा था। ऐसे में यह जरूरत थी की एक सीनियर अधिकारी को पुलिस कंट्रोल में तैनात किया जाए, ताकि पुलिस का रिस्पांस समय बढ़िया हो, इसी को ध्यान में रखते हुए रांची के सभी डीएसपी से रोस्टर के आधार पर एक सफ्ताह के लिए नाइट शिफ्ट करवाया जा रहा है। इस दौरान पूरी रात डीएसपी कंट्रोल रूम से पूरे शहर की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### हर सूचना आती है कंट्रोल रूम में

डायल 100 और डायल 112 जैसे हेल्पलाइन पर जो भी कॉल्स होते हैं वो कंट्रोल रूम में ही आता है। जिसके बाद उसकी जानकारी पीसीआर, माइक और थाना प्रभारियो को वायरलेस और फोन के जरिए दी जाती है। वैसे तो कंट्रोल रूम में एक स्थाई तौर पर एडिशनल एसपी की तैनाती की गई है, लेकिन वह काफी नहीं था।

## खबर एक नजर में

### चेक बाउंस मामले में एक साल की सजा

रांची। चेक बाउंस के एक मामले में प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की अदालत ने एसएस एंटरप्राइजेज इंदिरा गांधी चौक चुटिया के संचालक विजेंद्र शर्मा को दोषी करार दिया है। अदालत ने अपने फैसले में एक साल कारावास की सजा के साथ-साथ शिकायतकर्ता श्याम किशोर सिंह को 15 लाख भुगतान का आदेश दिया है। चुटिया निवासी श्याम किशोर सिंह को व्यापारिक लेन देन में विजेंद्र शर्मा ने 9 लाख 24000 का चेक दिया था। लेकिन, यह चेक बाउंस कर गया । चेक बाउंस करने के बाद श्याम किशोर सिंह ने रांची की अदालत एसएस एंटरप्राइजेज के संचालक विजेंद्र शर्मा के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। केस नंबर 4794/2019 के तहत इस मामले में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत में विजेंद्र शर्मा को चेक बाउंस मामले में दोषी ठहराया और सजा का ऐलान किया। सजा सुनाये जाने के बाद विजेंद्र शर्मा को हिरासत में ले लिया गया। अदालत ने विजेंद्र शर्मा को 1 साल साधारण कारावास की सजा सुनाते हुए 15 लाख भुगतान का आदेश दिया है ।

### जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा से ईडी तीन दिनों तक करेगी पूछताछ

रांची। जमीन घोटाला मामले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े केस में गिरफ्तार गाड़ीगांव निवासी जमीन कारोबारी शेखर महतो उर्फ शेखर कुशवाहा से ईडी तीन दिनों तक पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ प्रारंभ करेगी। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन ने शुक्रवार को तीन दिनों की पूछताछ की अनुमति प्रदान की है। ईडी की ओर से सात दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की गई थी। पूछताछ के बाद 18 जून को कोर्ट में पेश किया जायेगा। जरूरत पड़ने पर ईडी आगे और पुलिस रिमांड की मांग करेगी। ईडी ने बुधवार को उक्त आरोप में गिरफ्तार किया था। गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया था। रांची के सदर थाना में एक जून 2023 को बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक पर दर्ज केस में 12वीं गिरफ्तारी के रूप में शेखर कुशवाहा को ईडी को गिरफ्तार किया है। ईडी ने सदर थाने के उक्त केस में ही ईसीआइआर किया थाए जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी गिरफ्तारी के बाद जेल में हैं।जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा पर बड़गाईं अंचल के गाड़ी मौजा में चेशायर होम रोड की 4 .83 एकड़ जमीन के जाली दस्तावेज तैयार करने का आरोप है।

### 16 को पास्तेरेत कमेटी का चुनाव 13 प्रत्याशी मैंदान में

**रांची।** चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (सीएनआई चर्च) में पेरिश कमेटी के चुनाव के लिए 16 जून को मतदान होगा। तीन महिला उम्मीदवार सहित 13 प्रत्याशी चुनाव में खड़े हैं। इसमें हितेष पन्ना, हिमांशु कुजूर, अनुशील किस्पोट्टा, जोन टोप्पो, राजकुमार नागशंवी, आलोक तिर्की के अलावा अरुणिमा टोप्पो, सिलवंती खलखो, उषा कच्छप, रुबेन मालतो, शामवेल तिग्गा, मनोनित सोके और नथानियल बारवा शामिल हैं। बता दें कि पेरिश कमेटी चुनाव में पांच लोगों को निर्वाचित किया जाना है। ये निर्वाचित सदस्य तीन सालों के लिए चुने जाएंगे। चुने जाने के बाद पेरिश काउंसर के रूप में नियुक्त होंगे। इसके बाद चयनित लोगों से ही पेरिश सचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पद के लिए चुने जाएंगे। चुनाव सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक होगी। रांची पेरिश के करीब चार हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## रांची झील की साफ सफाई को लेकर सत्याग्रह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झील बचाओ अभियान समिति के संगरक्षक राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को झील की साफ सफाई को लेकर सत्याग्रह किया। अभियान समिति के संरक्षक ने बताया कि राँची झील का पानी दूषित होने के कारण सड़ गया है एवं बदबू दे रहा है जिससे आस पड़ोस के लोगो , मारवाड़ी कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है।

मौके पर लंकेश सिंह ने कहा कि राँची झील के दूषित पानी का सैम्पल समिति के द्वारा उच्च न्यायालय को भी दिया जाएगा। उपेंद्र रजक ने कहा कि समिति के द्वारा लगातार पिछले कई सालों से राँची झील की साफ सफाई की मांग को लेकर सत्याग्रह भी किया जा चुका है परंतु आज तक राँची झील की साफ सफाई नही हो सकी जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

# नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर प्रदर्शन

### एनटीए और केंद्र सरकार के खिलाफ काला पट्टा लगाकर जताया विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एनएसयूआई के सदस्यों ने रांची विश्विद्यालय के डोरंडा कॉलेज के मुख्य द्वार पर नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर प्रदर्शन किया। नीट के विद्यार्थियों के साथ काला पट्टी लगाकर केन्द्र सरकार और एनटीए का विरोध जताया और नीट परीक्षा रद्द करने की मांग केंद्र सरकार से की। कार्यक्रम को नेतृत्व आरुषी वंदना ने किया। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई नेत्री आरुषी वंदना ने कहा कि इस बार हुई परीक्षा में 67 स्टूडेंट को 720 में से 720 नंबर दे दिए गए। इसमें सीधे तौर पर धांधली नजर आती है। कई ऐसे स्टूडेंट ऐसे भी थे, जिन्होंने हताशा में आकर आत्महत्या कर ली। इसलिए नीट परीक्षा रद्द की जानी चाहिए और जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी भी की। आरुषी वंदना ने कहा कि नीट परीक्षा में केवल ग्रेस मार्क्स की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है। पेपर लीक हुए हैं। भ्रष्टाचार हुआ है। नीट परीक्षा में बैठे 24 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य मोदी सरकार के कारनामों से दांव पर लग गया है। परीक्षा केंद्र और कोचिंग सेंटर का एक नेक्सस बन चुका है, जिसमें पैसे दो-पेपर लो, का खेल खेला जा रहा है। मोदी सरकार एनटीए के कंधों पर अपनी कारगुजारियों का दारोमदार रखकर, अपनी जवाबदेही से पीछा नहीं छुड़ा सकती। पूरे नीट घोटाले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। दोषियों को कड़ी-से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। प्रदर्शन में मुख्य रूप से आरुषी वंदना, चंदन यादव, प्रणव राज, नंदिनी गुप्ता, पी. कृतिका राव, सौरभ अंथोनी, अब्दुल राबनवाज, बिस्वजीत सिंह, अभिजीत बाउरी, अमन, रोहित, मिथुन, डिंपल, पूजा, सचिन शामिल थे।




## विकास भारती केन्द्र में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का स्वागत



**रांची।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री अन्नपूर्णा देवी शुक्रवार को दिल्ली से आने के बाद विकास भारती बिशुनपुर के रांची स्थित केंद्र पहुंची। इस अवसर पर अशोक भगत, सचिव, विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा अन्नपूर्णा देवी का स्वागत पारम्परिक पगड़ी एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने मंत्रालय से सम्बंधित कई विषयों पर विस्तृत रूप से सभी के साथ चर्चा भी कीं। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष डॉ रंजना चौधरी, बसंत ओहदार, निखिलेश मैती, सम्राट सेनगुप्ता, राजेश सिन्हा आदि कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। यह जानकारी विकास भारती के मीडिया प्रभाग द्वारा दी गयी।

# नाबालिग को बेचने जा रहा था चेन्नई, दो मानव तस्कर गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मानव तस्करों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए रांची रेलवे स्टेशन पर मेरी सहेली और रेल पुलिस की टीम लगातार मुस्तैदी दिखा रही है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को रेल पुलिस ने मानव तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर एक नाबालिग लड़की को बेहतर नौकरी का लालच देकर लातेहार से चेन्नई ले जा रहे थे। जहां उन्हें बेचने की योजना थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर दिग्विजय शर्मा ने बताया कि मेरी सहेली टीम को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति नाबालिग लड़की के साथ स्टेशन पर घूमते देखे गए हैं। बातचीत के दौरान दोनों नाबालिग को बेहतर नौकरी दिलाने की बात कर रहे थे। सूचना पर इंस्पेक्टर दिग्विजय शर्मा ने आरपीएफ की मेरी सहेली टीम के साथ स्टेशन पर दोनों तस्करों की तलाश शुरू की और उन्हें धर दबोचा।



**नाबालिग को भेजा गया प्रेमाश्रय :** नाबालिग को मुक्त कराने के बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में प्रेमाश्रय भेज दिया गया है। गिरफ्तार दोनों तस्करों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा ने बताया कि बेहद गरीब परिवार की नाबालिग लड़की को बेहतर नौकरी का लालच देकर लातेहार से रांची लाया गया था, जहां से उसे ट्रेन से चेन्नई ले जाया जाना था, लेकिन उससे पहले ही दोनों तस्करों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार तस्करों में लातेहार निवासी छोटू उरांव और रबलू उरांव शामिल हैं, जिन्हें जेल भेज दिया गया है।

**मानव तस्करी रोकने के लिए बनी है मेरी सहेली टीम :** अक्सर मानव तस्कर रांची के हटिया और रांची रेलवे स्टेशन से नाबालिग लड़के-लड़कियों को बहला-फुसलाकर बड़े शहरों में ले जाते हैं, जहां उन्हें बेच दिया जाता है। मानव तस्करी पर लगाम लगाने के लिए दोनों स्टेशनों पर मेरी सहेली टीम की तैनाती की गई है, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है।

### आरयू के खाते में आज आएगी वेतन-पेंशन की राशि

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय (आरयू) को वेतन और पेंशन मद में राशि ट्रेजरी से विश्वविद्यालय के खाते में शनिवार को आ जाएगी। इसमें वेतन और पेंशन के अलावा जनवरी और फरवरी महीने का डीए एरियर भी शामिल है। रांची विश्वविद्यालय के शिक्षकों को मई महीने के वेतन और पेंशन का भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

### आइएएस चंद्रशेखर केंद्र में संयुक्त सचिव पद के लिए मनोनीत

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए इंपैनल कर दिया गया है.। केंद्र सरकार ने संयुक्त सचिव पद के लिए मनोनयन किया है। लगभग 65 अफसर पूरे देश भर से लिए जा रहे हैं। संयुक्त सचिव के पद पर भारत सरकार में योगदान देंगे। जल्द ही कार्मिक विभाग उन्हे विरमित करने का काम करेगाा। इस संबंध में केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने आदेश जारी कर दिया है।

### विश्व आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन 16 को रांची में

**रांची।** मेकॉन कम्युनिटी हॉल श्यामली डोरंडा में 16 जून को विश्व आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में इस महोत्सव में अध्यात्म से विश्व शांति पर चर्चा की जाएगी। चार सत्र में आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ गोपाल पाठक और राम कृष्ण मिशन के स्वामी शशांकानंद करेंगे। पहले सत्र में पैनलिस्ट योगदा सत्संग सोसाइटी के स्वामी नि>लानंद, पतंजलि महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुधा झा, चिन्मय मिशन के ट्रस्टी प्रकाश बगला, ब्रशकुमारी संस्था के ब्रम्हा कुमार इंदु के द्वारा 'वर्तमान समय में हमारे दैनिक जीवन को पूरी तरह से सार्थक और प्रभावी ढंग से जीने के लिए आंतरिक शांति एवं आध्यात्मिकता का उपयोग करने' पर चर्चा की जाएगी। महोत्सव के दूसरे सत्र में 'युवा और आध्यात्मिकता' विषय पर पैनलिस्ट इस्कॉन के महाप्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास, सहज योग की पूनम लूथरा, राजेन्द्र प्रसाद प्रशिक्षण महाविद्यालय बिहार की डॉ शादमा शाहीन, सिख धर्म के अभ्यासी मेजर जीएस सलूजा, ब्राइटर माइंड रांची की शिप्रा कश्यप अपनी बात रखेंगे। तीसरे सत्र में पारिस्थितिकी और शांति विषय पर पैनलिस्ट चर्चा करेंगे। पैनल में आर्क बिशप फादर विन्सेट आइंद, आर्ट ऑफ लिविंग के राकेश ब्रशर, जैनदर्शन के स्वामी अंकित , इस्लामिक स्कॉलर डॉ. शाहिद हसन शामिल रहेंगे। महोत्सव के संयोजक मनोज तिवारी ने बताया कि महोत्सव के माध्यम से एक-दूसरे को जानकर और एक-दूसरे से सीख कर सभी धर्मों में आपसी विश्वास और सम्मान विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# मादक पदार्थों के विरुद्ध एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली जागरुकता रैली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के दिशा निर्देश पर मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व एनएसएस के टीम लीडर्स क्रमशः अंकित एवं सुरभि ने किया। जागरुकता रैली आरयू के बेसिक साइंस परिसर से शुरू हुई। डीएसपीएमयू, आर्ट्स ब्लॉक, आईएमएस, सिदो कान्हो पार्क, हातमा बस्ती, सरना टोली होते हुए पुनः बेसिक साइंस परिसर में आकर समाप्त हो गई। रैली के दौरान एनएसएस के स्वयंसेवक मादक पदार्थों का सेवन- बंद करें, बंद करें, जीवन चुने, नशा नहीं, एनएसएस ने ठाना है, रांची को नशा मुक्त बनाना है, नशा को करो ना, स्वास्थ्य को करो हां, झारखंड के युवा ले अंगड़ाई- मादक पदार्थों के विरुद्ध लड़ाई, हम सबका एक नारा, नशा मुक्त हो राज्य हमारा आदि नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि मादक पदार्थों का व्यापार धड़ल्ले से चल रहा है। इसका खामियाजा सेवन करने वालों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान चलाया है। हमें इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देकर युवाओं को नशा करने से बचाना है। नशा करने के कारण कम उम्र में युवाओं की मृत्यु हो रही है, जो किसी भी देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के टीम लीडर्स दिवाकर, रिकेष, आकाश, अतुल, आकांक्षा, दीक्षा, मुस्कान, संकल्प, इशिका, अर्जुन, अनीश, लवली, ऋषि, कनिष्क, प्रीति का योगदान रहा।



स्पीड न्यूज

### बिजली चोरी करने के आरोप में 11 पर प्राथमिकी दर्ज

**सोनाहातू।** प्रखंड के पापरिदा गांव में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर 11 लोगों को बिजली चोरी कर बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया है। अभियंता मुरली मनोहर प्रसाद ने सोनाहातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। गांव के बुधेश्वर मुंडा, धन सिंह मुंडा, कालीपद महतो, हरे लाल महतो, जयलाल लोहरा, सुनील लोहरा, कृष्ण कुमार वर्मा, दुबराज सिंह मुंडा, श्रीकांत मुंडा, कृष्ण गुप्ता, जीतू सिंह मुंडा, के नाम पर प्राथमिकी हुई है।

### ओरमांझी बाजार से बाइक की चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के शुक्रवार बाजार से ओरमांझी से एक बाइक की चोरी हो गई है। कुकुई निवासी दंपति ललिता देवी व अरविंद महतो शुक्रवार को अपनी स्पलेंडर बाइक जेएच01बीयू 4556 में सवार हो ओरमांझी बाजार सब्जी लेने गए थें। बाजार के समीप थाना चैक पर बाइक खड़ी कर बाजार गए। वापस लौटे तो बाइक गायब थी। अज्ञात चोर के खिलाफ ओरमांझी थाना में मामला दर्ज करा दिया गया है। पुलिस द्वारा बाइक व चोर का पता लगाने का प्रयास की जा रही है।

### बरौंदी डाकघर एक महीने से बंद, नहीं मिल रही है चिट्ठी

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड का बरौदी शाखा डाकघर विगत लगभग एक महीने से बंद है। डाकघर बंद रहने से जहां ग्रामीणों को किसी तरह का चिट्ठी नहीं मिल पा रहा है वहीं ग्रामीणों को बचत योजनाओं में भी रकम जमा करने में कठिनाई हो रही है। विदित हो कि बरौदी डाकघर का नियंत्रण ब्राम्बे उप डाकघर से होता है। ग्रामीणों के अनुसार बरौदी शाखा डाकघर बंद रहने जरूरी डाक भी नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त डाकघर में प्रतिनियुक्त कर्मी लगभग एक महीने से बिना सूचना के केंद्र से गायब है। वहीं मामले पर विभाग की इंसपेक्टर पूजा पांडेय ने कहा कि बरौदी शाखा डाकघर की कर्मी फुसी कुमारी के छुट्टी में रहने के कारण उक्त समस्या उत्पन्न हुई है। जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था करके कार्यों को निष्पादित कराया जायेगा।

### हाथी से बचाव को लेकर ग्रामीणों को किया प्रशिक्षित

**सिकिदिरी।** वन विभाग के द्वारा चिपीडीह गांव में हाथी से बचाव को लेकर ग्रामीणों के बीच प्रशिक्षण सह जागरूकता अभियान चलाया गया। फॉरेस्टर नीतिन गुप्ता वनरक्षी कृष्णा महतो छत्रपति गोराई रामरतन महतो के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। महिलोंग रेंजर राजेश कुमार के निर्देश पर जागरूकता अभियान बलाया गया।


## AFFIDAVIT

Annexure 'I'

I, Amlen Bara is legally spouse of No. 04262389K Rank -T S NAIK Name Late Pritam Bara presently residing at Village- Shanti Nagar Cheter Tuku Toli Gumla P.O-P.S. Gumla District Gumla Jharkhand 835207 do hereby solemnly affirm and state on as oath as follows:

a) That I have changed my name From Anita Emlen Bara to Amlen Bara due to entered in my Service record. That my date of birth is 04.08.1973 (Fourth August ninteen seventy three) .
b) That, I am producing this Affidavit for purpose of evidence for my name.
c) That both Names Anita Emlen Bara & Amlen Bara is same and One Person which is my name & myself pertain to one and the same person.
d) That I shall at times here after in all records, deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well under all occasions what so ever be known as only as EMLEN BARA (New Name)
e) That what is stated above is true and correct to the best of my knowledge information and belief. Nothing material has been concealed there from.

Series No. 23-24/K1 12552
Ref. NO. 31
Date: 14.06.2024


## रांची आसपास क्षेत्र के थाने में हुई शांति समिति की बैठक में एक स्वर में लिया गया निर्णय

# भाईचारे के साथ मनेगी बकरीद

- 17 जून को मनेगा ईद उल अजहा
- मस्जिदों में 7 बजे पढ़ी जायेगी नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक प्रमुख संगीता तिर्की की अध्यक्षता में हुयी। इसमें 17 जून को होने वाले ईद उल अजहा पर चर्चा की गयी। त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मस्जिद व ईदगाहों में सुबह 7 बजे नमाज अदा की जायेगी। लोगों को अफवाह से बचने की सलाह दी गयी। बैठक में अताउल्लाह अंसारी, अंजुम खान, रजब अली, पिंटू शर्मा, अरशद खान, मुंतजिर खान, जसीम अंसारी, शिवचरण उरांव, महावीर विश्वकर्मा, एसपी साहू, नसीम अंसारी, संजीव तिवारी, इमरान खान, फूलकुमारी देवी, नुरमोहम्मद अंसारी, असलम अंसारी, जितेश्वर मुंडा, आरडी तिवारी, डीएन मिश्र, हरि प्रसाद साहु, अंजुम खान, बंधु महतो, राणा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, चंद्रशेखर कुमार, जाबिर अंसारी व सुखदेव साहू ने अपनी बातें रखी।



रातू थाना परिसर में बकरीद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक में शामिल गणमान्य लोग।

### इटकी थाना में शांति समिति की बैठक

**इटकी।** ईद-उल अजहा को लेकर इटकी थाना परिसर में शुक्रवार को बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में ईद-उल-अजहा का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में त्यौहार के दौरान शरारती तत्वो पर कड़ी नजर रखने और झूठी आफवाहों से बचने का आह्वान किया। बैठक में सीओ विजय कुमार, उप प्रमुख परवेज राजा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, अजीत केशरी, कमेश बर्मन, मो अकील, मो मोईनुद्दीन, मो सलीमुद्दीन, कृष्णा राम तिवारी, आजाद कुरैशी, सलीम अंसारी, अनुपम कुमार, जगमोहन महतो सहित अन्य मौजूद थे।

### सुरक्षा के होंगे कड़े प्रबंध

थानेदार शशिभूषण चौधरी ने कहा कि प्रतिबंधित जानवर की कुबार्नी कानूनन अपराध है। अवशेष को जमीन में गाड़ देने से विवाद की गुंजाइश नहीं रहेगी। कन्नौज, पुरियो, परहेपाट, हुरहुरी, काठीटांड़, तिगरा, बड़काटोली, आमटांड़, चट्टी, मुरगू, पाली, चितरकोटा, बाजपुर, हिंसरी, भोंडा, अगड़ू, बिजुलिया, सिमलिया, फुटकल टोली, पिर्रा और अल कमर कॉलोनी में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जायेंगे।

### अनगड़ा थाना में शांति समिति की बैठक

**अनगड़ा।** बकरीद को लेकर शुक्रवार को अनगड़ा थाना परिसर में बीडीओ जयपाल सोय की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक में सदस्यों ने बकरीद आपसी सौहार्द और सदभावपूर्ण वातवरण में मनाने का निर्णय लिया। बैठक में उपस्थित अंचल पदाधिकारी राजू कमल ने कहा कि धार्मिक सदभाव को बहाल रखते हुए बकरीद का त्यौहार इस बात का ख्याल रखते हुए मनाए कि किसी की धार्मिक भावना को ठेष नहीं पहुंचे। सदस्यों ने कहा कि अनगड़ा में हर त्यौहार को सदभाव पूर्ण वातावरण में मनाया जाता रहा है। बैठक में अचल पदाधिकारी राजू कमल बीडीओ जयपाल सोय थाना प्रभारी चमरा मिंज एसआई रविशकर सिंह समाज सेवी और शिक्षाविद डॉ रिझू नायक मुस्तफा अन्सारी सिकन्दर अन्सारी अब्दुल इमाम अंसारी रब्बानी राज रामकृष्ण चौधरी नीलकंठ चौधरी रामपोदो महतो आदि मौजूद थे।

### सौहार्दपूर्ण ढंग से बकरीद मनाने का निर्णय



**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति का बैठक हुई। बैठक में शांतिपूर्वक बकरीद मनाने का निर्णय लिया गया। बकरीद का नमाज खलारी में ईदगाह व मस्जिदों में पढ़ा जायेगा। वही प्रसासन के तरफ से खलारी सीओ प्रणव अम्बष्ठ व इंस्पेक्टर विजय सिंह ने चेताते हुए कहा कि कोई भी हुडदंग, सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट अथवा नशा करना व नशा युक्त समान बेचने वालों पर शक्त नजर रहेगा। बैठक में जिला परिसद सरस्वती देवी, कांग्रेस नेत्री इंदिरा तुरी देवी, मुखिया शांति देवी, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, मुखिया ललिता देवी, मुखिया शिवरत मुंडा, मुखिया पारस नाथ उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, सुरेश यादव, लखन गंझू, सलामत अंसारी, इस्माइल अंसारी, फिरोज अंसारी, जाहिर अंसारी, बसीर अंसारी, गौरी शंकर केशरी, मनोज यादव, दिलीप पासवान, अशोक उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

### शांतिपूर्वक बकरीद मनाने का निर्णय

**मांडर/चान्हो।** थाना परिसर में शुक्रवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजान किया गया। मांडर थाना में बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार आपसी भाईचारगी और अमन का पैगाम देती है। हमें मिलजुलकर एक दूसरे के खुशियों में शामिल रहना चाहिए। थाना प्रभारी राहूल ने लोगों से किसी भी प्रकार के अफवाहों से दूर रहने एवं ऐसा कोई भी कार्य नहीं करने जिससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सोशल मीडिया से दूर रहने एवं अपने विवेक से कार्य करते हुए परस्पर भाईचारा बनाए रखने की बात कही। वहीं चान्हो थाना परिसर में सीओ संजीव कुमार ने बकरीद का पर्व शांति पूर्ण तरीके से मानने की बात कही। मौके पर अजित सिंह, मो गफार, मुखिया महादेव उरांव, रेखा सांगा, सफीक अंसारी, मांडर प्रमुख फिलीप सहाय एक्का फारूक खान, आबिद अंसारी, तबारक खान आदि मौजूद थे।

## दो बाइक सवार लड़का-लड़की को देख सड़क पर निकले ग्रामीण, बाइक छोड़कर सभी भागे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के नगड़ी टोंका टोली गांव में गुरुवार की रात लगभग आठ बजे दो बाइकों पर सवार अज्ञात लड़का व लड़की को गांव में घूमते देखकर ग्रामीणों उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे बाइक छोड़कर भाग निकले। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवारों को जब रोकने का प्रयास किया गया तो वे पहले करांजी डैम की तरफ चले गए। इसके कुछ देरी के बाद वे दोनों बाइक पर सवार होकर पुनः वापस गांव की ओर से होते हुए टोंका टोली जंगल के किनारे पहुंचे। साथ ही दोनों बाइकों को खड़ा करके जंगल के अंदर चले गए। जिससे पूरे गांव में हड़कंप मच गया। वहीं गांव के ग्रामीणों और युवाओं ने जंगल में जाकर देखाए तो चारों लड़का लड़की कहीं छुप गए। काफी देर तक ढूंढने के बाद भी वो चारों नहीं मिले। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना बेड़ो थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी नकुल साह सशस्त्र बलों के साथ नगड़ी टोंकाटोली गांव पहुंचे। यहां जंगल किनारे खड़ी दोनों बाइक लाल रंग की टीवीएस अपाची नं जेएच 01एफपी 9742 व ब्लू रंग की यामाहा आर वन नं जेएच 01बीजे 6149 को पुलिस ने जब्त कर बेड़ो थाना ले लाई। वहीं जंगल में घुसे बाइक सवारों की काफी तलाश करने के बाद जब चारों लड़का लड़की नहीं मिले।



### पहले हो चुकी है कुछ घटनाएं : ग्रामीण

ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि पूर्व में भी लड़का लड़की के मामले को लेकर कुछ घटनाएं हो चुकी हैं। जिससे ग्रामीण किसी भी नए व्यक्ति को गांव में देखते हैं तो उससे उसकी तहकीकात अवश्य करते हैं। वहीं पुलिस के जाने व ग्रामीणों के घर आ जाने के बाद रात्रि लगभग बारह बजे जराटोली जंगल की ओर से दूर से दर्जनों की संख्या में हाथों में टॉर्च लिए लोगों को आते देखकर नगड़ी टोंका टोली गांव में डर व दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत बेड़ो पुलिस को दिया। इधर सूचना मिलते ही पुनः बेड़ो थाना प्रभारी सदल बल नगड़ी टोंकाटोली गांव पहुंचे। वहीं पुलिस व ग्रामीणों को देखकर नगड़ी टोंकाटोली गांव की ओर आ रहे अज्ञात लोग दूर से ही करांजी जंगल की ओर चले गए। इसके बाद गांव के ग्रामीणों ने पूरी रात गांव की पहरेदारी करते हुए गुजारी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में 14 जून के दिन विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रिम्स ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान महादान टीम खलारी के द्वारा आयोजन किया गया। भीषण गर्मी एवम हिट वेब के बीच बीच कोयलांचल के रक्तदाताओं ने आगे आकर रक्तदान किया। कुल 32 रक्तदाताओं में 25 लोगों का सुरक्षित रूप में रक्तदान करा कर रक्त संग्रहित किया गया। शिशु विधा मंदिर विद्यालय द्वारा विशेष व्यवस्था कर रक्तदाताओं एवम अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रमिक नेता कृष्णा चौहान डी पी सिंह प्रधानचार्य गोपाल मिस्त्री द्वारा संयुक्त रूप में फीता काट कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर शैलेंद्र शर्मा रमेश विश्वकर्मा संतोष सिंह दीपक कुमार प्रसाद आकांक्षा कुमारी मौजूद थे।

### लापुंग में पदाधिकारियों संग विधायक ने की बैठक, दिये निर्देश

**लापुंग।** विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्त बातें शुक्रवार को लापुंग प्रखंड के सभागार कार्यालय में प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कही। मौके पर उन्होंने पदाधिकारीयों से अपने.अपने विभागों की रिपोर्ट कार्ड मांगी और प्रखंड में चल रहे योजनाओं पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पेयजल विभाग योजना अंतर्गत चल रही जल.नल योजना के कामो में धीमी गति से चलने के कारण जानने का प्रयास कियाए साथ ही ये कामो मे ठीकेदार द्वारा अनियमित बरती जाती है तो ठीकेदारो पर करवाई की जाये। विधानसभा क्षेत्र में बिजली की समस्या गम्भीर है विभाग यथाशीघ्र समाधान करे। साथ ही अबुआ आवास पर भी चर्चा की गई।

## खलारी मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीडीओ-सीओ को सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल द्वारा खलारी प्रखंड अन्तर्गत पेयजलए स्वच्छताएजल संरक्षण के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार व अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ को संयुक्त रूप से ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में केडी मार्केट में शौचालय और मूत्रालय निर्माणए सोलर पैनल युक्त जल मीनार स्थापित किया जाय। बुकबूका पंचायत स्थित फिल्टर प्लांट में लाइम स्टोन माइंस महावीर से जपूर्ति कर व्यकल्पिक व्यवस्था बनाने की मांग की गई। सोना डूबी नदी पर बने चेक डैम में जमे गाद की सफाई मानसून पूर्व कराई जाए। एलआइसी खलारी ऑफिस के पीछे स्थित तालाब का सुंदरीकरण पर्यटन विभाग झारखंड द्वारा किया गया था उसकी साफ सफाई और झाड़ियों की कटाई तथा बेहतर व्यवस्था बनाया जाए। दामोदर बचाओ और जल स्वच्छता अभियान के तहत 2004 से बीजेपी कार्यकताओं के सहयोग से लपरा पंचायत के चटी नदी और दामोदर नद के संगम पर गंगा दशहरा पूजन के साथ मेला का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 16 जून को मेला आयोजन किया जाएगा। मौके पर शैलेंद्र शर्मा, अरविंद सिंह, व्यापार मंडल खलारी अध्यक्ष शत्रुंजय सिंह कृष्णा चौहान रामसुरत यादव रमेश विश्वकर्मा रविभुषण रवींद्र मुंडा शिव कुमार चौधरी चतुर्गुण भुइयां अजय चौहान मौजूद थे।

## प्रबंधन ने सशर्त स्वीकारी ग्रामीणों की मांग

### आज की बंदी वापस

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सफी नदी में ओबी गिराकर ट्रंसपोटिंग करने का विरोध ग्रामीणों के द्वारा किये जाने पर अथवा ग्रामीणों की बात को प्रबंधन अनसुना करने पर 15 जून को बंदी करने पर निर्णय लिया गया था। इसके बाद अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने 14 जून को एक बैठक पीओ कार्यालय में ग्रामीणों के समक्ष रखा गया। इस बैठक में आरसीएम साइडिंग के मैनेजर अविनाश किशोर भी मौजूद थे। बैठक में सफी नदी का ओबी जल्द से जल्द हटाया जाएगा एवं राय बस्ती के युवाओं को आरसीएम साइडिंग में प्राइवेट कंपनियों में रोजगार देने का निर्णय लिया गया। सभी बातों पर सहमति बनने के बाद 15 तारीख की बंदी को स्थगित किया गया। मौके पर सिक्योरिटी अधिकारी अरुण कुमार महतो ग्रामीण दीपक महतो नागेश्वर महतो दुर्गा माहतो सोखी महतो तुलसी भुईयां भूनेशवर महतो संतोष प्रजापति हरीश महतो लखन महतो संतोष महतो सरवन मद्रासी संदीप कुमार विजय महतो बालेश्वर महतो रुपेश महतो सहित अन्य उपस्थित थे।



## रूदिया बस्ती में बांस के सहारे घर-घर पहुंची बिजली

### विडंबना : बिजली कनेक्शन के लिए करना पड़ता है बास का इंतजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बीआईटी मोड़ से लगभग दो किमी दूर बिरसा ग्राम रूदिया एक ऐसी बस्ती है, जहां बिजली तो पहुंची है, लेकिन हर घर में बांस के सहारे बिजली कनेक्सन दे दिया गया है। जिनको बिजली कनेक्सन लेना है उसे एक बांस-बल्ली का भी इतजाम करना पड़ता है। बताया जाता है कि बस्ती में लगभग पांच सौ घर है और सभी घर में बांस के सहारे बिजली जलती है। लगभग आधे से अधिक लोगों की बांस भी अब सड़कर गिरने के कागार पर है। बस्ती की गलियों में बांस के सहारे गुजरे तार की जाल बिछी हुई है। बिजली के तार एक दूसरे घर के ऊपर या झुका हुआ है। बांस के टूट जाने का खतरा बना हुआ है। बारिश का मौसम आने वाला है। जल्द ही इसपर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी विद्युत लाइन की चपेट में आकर बड़ा हादसा हो सकता है। बस्ती में रहने वाले समाजसेवी प्रीतम लोहरा ने बताया कि बस्ती के लगभग सभी घरों में वैध बिजली कनेक्शन है। बिजली विभाग से कई बार मौखिक रूप से बिजली पोल लगाने की मांग की गई है। वहीं बिजली पोल लगाने को लेकर बस्ती में कई बार ग्रामीणों के साथ बैठक हुई, लेकिन वर्षों से बिजली पोल नहीं लगा।



रूदिया बस्ती में बांस के सहारे बिजली के तार का जाला।

### पोल की कमी बता झाड़ा जाता है पल्ला

जिप सदस्य सह आजूस जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया विभाग को पोल लगाने के लिए कई बार बोला गया है, लेकिन विभाग द्वारा बार-बार बिजली पोल की कमी बताया जाता है। इसपर अब गंभीरता से विचार किया जाएगा। वहीं विद्युत विभाग के जेई मंटू कुमार से संपर्क करने पर उनके द्वारा मोबइल रिसिव नहीं किया गया।

## मानसिक समस्याओं के निदान में झारखंड का दूसरा स्थान

### कंदरी के भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान के डॉक्टर अमन सबा ने कहा कि महाविद्यालय का यह प्रयास सराहनीय है। जिससे विद्यार्थी बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो। विशेषज्ञ कल्पना टोप्पो ने कहा कि तनाव सकारात्मक व नाकारात्मक दोनो होता है। बस आवश्यकता इस बात की है कि हमे यह कौशल विकसित करना है कि इस तनाव से बाहर कैसे निकला जाय। विशेषज्ञ द्रौपदी कुमारी ने कहा कि टेलीमानस मानसिक समस्याओं के निदान में पुरे भारत मे झारखंड दूसरे स्थान पर है। यदि युवा जागरूक हो तो यह प्रथम स्थान पर आ सकता है। कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में सचिव नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित थी। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि कोरोना काल के बाद युवाओं में तनाव की समस्या काफी देखने को मिल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय ने केन्द्रीय मनोचिकित्सा संस्थाम से संपर्क कर युवाओं को लाभान्वित करने का प्रयास किया। कार्यशाला में आये अतिथियों को महाविद्यालय की ओर से पौधा, बैग और शॉल देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार गुप्ता तथ मंच संचालन नितिश तथा तरन्नुम के द्वारा किया गया।




### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर व्याख्यता राकेश कुमार राय, मधुरंजन, विनीता चैधरी, रिभा कुमारी, अमित कुमार, विनीत शर्मा, सुबोध शर्मा, सहाय सर, सुनील कुमार, सलमान अंसारी, इमरोज इत्यादि उपस्थित थे।


### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक : 977 खूँटी, दिनांक : 14.06.2024

**अति आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम के तहत खूँटी नगर पंचायत क्षेत्र में डीप बोरिंग (6 इन्च/उच्च प्रवाही ड्रिल्ड नलकूप) पूर्णतया प्रतिबंधित है। ऐसे करते हुए पकड़े जाने पर जमीन मालिक/बोरिंग गाड़ी मालिक/कम्पनी पर जुर्माना/ दण्ड/ एफ0आई0आर0 का प्रावधान है। स्वीकृत 4 ईंच बोरिंग हेतु संबंधित शपथपत्र के साथ कार्यालय में आवेदक द्वारा आवेदन स्वीकृत कराने के पश्चात ही बोरिंग का कार्य करायेंगे। खूँटी शहरी क्षेत्र के गिरते जलस्तर के आलोक में यह निर्देश निकाला जा रहा है।

स्वीकृत 4 ईंच बोरिंग हेतु बोरिंग गाड़ी मालिक/ कम्पनी/एजेंट निर्धारित निबंधन वार्षिक शुल्क नगर पंचायत, खूँटी कार्यालय में जमा करने एवं स्वीकृति मिलने के पश्चात ही बोरिंग का कार्य करेंगे। अतः इसका पालन अत्यन्त आवश्यक है।

इसे तत्काल प्रभाव से लागू समझा जाय।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 326468 Urban Development(24-25).D

